धूर्तादिक शब्दों में र्त को ट आदेश नहीं होगा। (धूर्त, मूर्त, मुहूर्तः) सर्वत्र ५ से रेफलोप। ६ से तद्वित्व। ५९ से उकार। धुत्तो, मुत्तो, मुहुत्तो। (कर्त्तरी) कत्तरी। (आवर्त्त) आवत्तो। (कीर्ति) 'इदीत पानीयादिषु' से ई को इकार। कित्ती। (वार्ता) ५८ से अकार। वत्ता। (भर्तारः, कर्तारः) भत्तारो। कत्तारो। लोप, द्वित्व, पूर्ववत् ॥ २४ ॥

गर्ते डः ॥ २५ ॥

गर्तशब्दे र्तस्य डकारो भवति। गड्डो (३-५० ड्द्वि०, ५-१ ओ) ॥

गर्ते डः—अत्र र्तस्य ड स्यात्। गड्डो ॥ २५ ॥

गर्त-शब्द में र्त को ड हो। ६ से द्वित्व। गड्डो ॥ २५ ॥

[2]गर्दभसंमर्दवितर्दिविच्छर्दिषु र्दस्य ॥ २६ ॥

---

१. एष सजीवनीसमत. पाठः।

२ कश्चिद् विमर्द इत्यधिकः पाठस्तत्र विमड्डेति प्राकृत बोध्यम्।

एतेषु र्दस्य डो भवति । गड्डहो (३-५० ड्द्वि०, २-२७ म् = ह्, ५-१ ओ) । संमड्डो (पूर्व०) । विअड्डी (२-२ त्लोपः, ३-३ र्लोपः, ड्द्वि० पू०, ५-१८ दीर्घः) । विछड्डी (पूर्व०) ॥ २६ ॥

गर्दभसंमर्दवितर्दिविच्छर्दिषु र्दस्य—एषु र्दस्य वा डादेश स्यात्। गड्डहो, गद्दहो । समड्डो, समद्दो । विअड्डी, विअद्दी । विच्छड्डी, विच्छद्दी ॥ २६ ॥

गर्दभ इत्यादिक शब्दों में र्द को विकल्प से ड हो। (गर्दभः) र्द को ड, द्वित्व। २३ से भ को ह । गड्डहो । पक्ष में—५ से सर्वत्र रेफलोप । द्वित्व । गद्दहो । (संमर्दः) संमड्डो, संमद्दो । विअड्डी, विअद्दी । विच्छड्डी, विच्छद्दी । डादेश, रेफलोप, द्वित्व, पूर्ववत् ॥ २६ ॥

त्यथ्यद्यां चछजाः ॥ २७ ॥

त्य–थ्य–द्य इत्येतेषां च–छ–ज इत्येते यथासंख्यं भवन्ति । त्यस्य, णिच्चं[1] (२-४२ न् = ण्, ३-५० च्द्वि०,५-३० बिं०) । पच्चच्छं (३-३ र्लोपः, ३-३० क्ष् = छ् ,५-३० बिं०) थ्यस्य, रच्छा । मिच्छा । पच्छं । (३-५० छ्द्वि०, ३-५१ छ् = च्) । द्यस्य, विज्जा (३-५० ज्द्वि०) । वेज्जो (१-३४ ऐ = ए, पूर्व० ज्द्वि०, ५-१ ओ) । नित्यम् , प्रत्यक्षम् , रथ्या, मिथ्या, पथ्यम् , विद्या, वैद्यः ॥ २७ ॥

त्यथ्यद्यां चछजा —एषां यथासख्यमेते आदेशा स्युः । (त्यस्य) पच्चक्खं । मच्चलोओ । सच्च । णिच्च । (थ्य०) पच्छो । णेपच्छो । रच्छा । मिच्छा । (द्य०) अज्ज । विज्जा । जूअ । मज्ज । पडिवज्जइ । 'यथाप्राप्तो यलोपोऽपि त्यथ्यद्येषु तु दृश्यते'। अत्तओ । सामत्थ । आतित्थ । गद्द । अवद्द ॥ २७ ॥

त्य, थ्य, द्य, इनको क्रम से च छ ज आदेश हों । उदाहरण—(प्रत्यक्षः) त्य को च आदेश । ६ से द्वित्व । ३४ से क्ष को ख । ६ से द्वित्व । ७ से ककार । अनुस्वार, ओकार, सर्वत्र पूर्ववत् । रेफलोप ५ से । पच्चक्ख । (मर्त्यलोकः) रेफलोप, चकारादेश, पूर्ववत् । २ से कलोप । मच्चलोओ । (सत्यम्) त्य को च, द्वित्व पूर्ववत् । सच्च । (नित्यम्) २५ से न को ण । णिच्चं । (थ्य) (पथ्य) उक्त सूत्र से छ । ६ से द्वित्व । ७ से चकार । पच्छो । (नेपथ्यः) पूर्ववत् छकार, द्वित्व, चकारादेश । २५ से णकार । णेपच्छो । एवम् (रथ्या) रच्छा । (मिथ्या) मिच्छा । (द्य०) (अद्य) द्य को जकार । ६ से द्वित्व । अज्ज । (विद्या) विज्जा । (द्यूतम्) द्य को ज । २ से तलोप । जूअं । (मद्यम्) मज्जं । (प्रतिपद्यते) ५ से रेफलोप, 'प्रतिवेतस०' से त को ड । १८ से प को व । द्य को ज, द्वित्व । आत्मनेपद के स्थान पर परस्मैपद । २ से तलोप । पडिवज्जइ । 'त्य, थ्य, द्य' तीनों में प्रयोगानुकूल यकार का लोप भी होता है । (आत्मजः) ४ से त्म के य का लोप । ६ से द्वित्व । २ से यलोप । ४२ से ओकार । अत्तओ । (सामर्थ्यम्)

---

१ क्वचित् सच्चं, पच्चक्ख, पश्चच्चं । सत्य, प्रत्यक्ष, पाश्चात्यमित्यधिकम् ।

पूर्ववत् यलोप। ४ से रेफलोप। द्वित्व ६ से, तकार ७ से। सामत्थं। (आतिथ्यम्) आतित्थं। (गद्यम्) गद्दं। (अवद्यम्) अवद्दं॥ २७॥

ध्यह्योर्झः॥ २८॥

ध्य-ह्य इत्येतयोर्झकारो भवति। ध्यस्य, मज्झं (३-५० झद्वि०, ३-५१ झ्=ज्, ५-३० बिं०)। अज्झाओ (५-१ ओ, शे० पू०)। ह्यस्य, वज्झओ (४-१ आ=अ, २-२ क्लोपः, शे० पू०)। गुज्झओ (पूर्व०)। मध्यः, अध्यायः, वाह्यकः, गुह्यकः॥ २८॥

ध्यह्ययोर्झः[2]—एतयोर्झः स्यात्। सज्झा। वज्झा। गुज्झ। सणज्झइ। जुज्झइ। मुज्झइ। 'वक्तव्य साध्वसे ध्वस्य झादेशोऽपि विभाषया'। सज्झस। पक्षे-साहस॥२८॥

ध्य-ह्य इनको झ हो। (सन्ध्या) झादेश। ६ से द्वित्व अनुस्वार से पर को नहीं होता है। संझा। (वन्ध्या) वझा। (गुह्यम्) ६ से द्वित्व। ७ से जकार। गुज्झं। (सनह्यते) णकारादि भी पूर्ववत्। सणज्झइ। (युध्यते) २४ से य को जकार। जुज्झइ। (मुह्यते) मुज्झइ। 'साध्वस' शब्द में झादेश विकल्प से होगा। जहाँ झादेश हुआ वहाँ द्वित्व, जकार, पूर्ववत्। ५८ से अकार। सज्झसं। पक्ष में ५ से वलोप। २३ से धकार को हकार। साहस॥ २८॥

नोट—न (६) शेषादेशयोर्द्वित्वमनादौ। (५८) अदातो यथादिषु वा। (५) सर्वत्र लवराम्। (२) कगचजतदपयवा प्रायो लोपः। (२५) नो णः सर्वत्र। (४) अधो मनयाम्। (२६) शषोः स। (९) ऋतोऽत्। (५९) उदूतो मधूकादिषु।

ष्कस्कक्षां खः॥ २९॥

ष्कस्कक्षां खकारो भवति। ष्कस्य, सुक्खं (३-५० खद्वि०, ३-५१ ख्=क्, ५-३० बिं०)। पोक्खरो (१-२० सू० स्प०)। स्कस्य, खंदो। खंधो। (४-१७ वर्गान्त बिं०, ५-१ ओ)। क्षस्य, खदो। जक्खो (२-३१ सू० स्प०[1])॥ २९॥

ष्कस्कक्षां खः—एषां ख स्यात्। 'ष्कस्कयोरत्र खादेशो व्यवस्थितविभाषया'। तेन-सुक्ख, सुक्क। पोक्खर, पोक्कर। णिक्खओ, णिक्कओ। (स्क०) खंधो। क्वचिन्नैव, दुक्कर। णिक्कवो। सक्कअ। संकारो। णमक्कारो। तक्करो। (क्षस्य) जक्खो, रक्खसो॥२९॥

ष्क-स्क-क्ष इनको ख आदेश हो। स्क और ष्क को विकल्प से हो। (शुष्कम्) २६ से श को सकार। प्रकृत सूत्र से ष्क को ख। ६ से द्वित्व। ७ से ककार। सुक्खं। पक्ष में ३ से षलोप। शेष क को द्वित्व। सुक्कं। (पुष्करम्) १ से उ को ओ। अन्य कार्य पूर्ववत्। पोक्खरं। पोक्करं। (निष्कय) ५ से रेफलोप। ष्क को ख विकल्प से। २५ से न को ण। २ से यलोप। द्वित्व, ख को क पूर्ववत्। णिक्खओ। पक्ष में-३ से षलोप। ५ से रेफलोप। ६ से द्वित्व। णिक्कओ। (स्कन्ध) स्क को ख हो गया। खंधो। कहीं ष्क स्क को ख आदेश नहीं होगा। (दुष्करम्)

---

१ शुष्क, पुष्कर, स्कन्द, स्कन्ध, क्षत, यक्षाः। मुक्खमिति पाठे मुष्क इति।

२ एव सजीवन्यादिसंमत पाठ.।

३ से षलोप। ७ से द्वित्व। दुक्कर। (निष्कृपः) १५ से न को ण। ९ से ऋ को अकार। १८ से प को व। अन्य कार्य पूर्ववत्। (संस्कृतम्) खादेश नहीं हुआ। 'मांसादिषु वा' से अनुस्वारलोप। अन्य कार्य पूर्ववत्। सक्कअं। (संस्कारः) संकारो। (नमस्कारः) पूर्ववत्। न को ण, सलोप, कद्वित्व। णमक्कारो। परन्तु 'णमो अरिहंताणं'—इस आर्ष प्रसिद्ध मन्त्र में 'एसो पंच णमुक्कारो सव्वपावप्पणासणो। मंगलाण अ सव्वेसिं पढमं हवइ मंगलं'॥ इस वचन में 'णमुक्कार' उकारयुक्त है, अतः आर्षत्वात् अथवा ३५ से अ को उ हो जायगा। 'णमुक्कारो' यही होगा। (तस्करः) तक्करो। (क्ष) (यक्षः) २४ से य को ज आदेश। खादेश, द्वित्वादि पूर्ववत्। जक्खो। (राक्षसः) ५८ से आ को अकार, अन्य कार्य पूर्ववत्। रक्खसो॥ २९॥

अक्ष्यादिषु च्छः॥ ३०॥

अक्षि इत्येवमादिषु क्षकारस्य च्छकारो भवति। अच्छी (३–५० छद्वि०,[1] ३–५१ छ् = च्, ५–१८ दीर्घः)। लच्छी (३–२ म्लोपः, शे० पू०)। छुण्णो (५–१ ओ)। छीरं (स्पष्टं)। छुद्धो (३–३ व्लोपः, ३–५० धद्वि०, ३–५१ ध् = द्, ५–१ ओ)। उच्छित्तो (३–१ तपयोर्लोपः, ३–५० छद्वि०, ३–५१ चत्वं, ३–५० तद्वि०, ५–१ ओ)। सरिच्छं (१–२ सू० स्प०)। उच्छू (१–१५ सू० स्प०)। उच्छा (५–४७ आत्मवत् कार्यं, शे० पू०)। रिच्छो (१–३ ऋ = रि, ३–५० छद्वि०, ३–५१ छ् = च्, ५–१ ओ)। मच्छिआ (२–२ क्लोपः, शे० पू०)। छुअं (२–२ त्लोपः, ५–३० बिं०)। छुरं (५–३० बिं०)। छेत्तं (३–३ र्लोपः, ३–५० तद्वि०, ५–३० बिं०)। वच्छो (३–५० छद्वि०, ३–५१ छ् = च्, ४–१८ पुं०, ४–६ स्लोपः, ५–१ ओ)। दच्छो (पू०)। कुच्छी (५–१८ दीर्घः, शे० पू०)। अक्षि–लक्ष्मी–क्षुण्ण–क्षीर–क्षुब्ध–उत्क्षिप्त–सदृक्ष–इक्षु–उक्षन्–क्षार–ऋक्ष–मक्षिका–क्षुत–क्षुर–[2] क्षेत्र–वक्षस्[3]–दक्ष–कुक्षि–इत्येवमादयः[4]॥ ३०॥

अक्ष्यादिषु छः—एषु छ स्यात्। अच्छीइ। छीर। छुरं। छार। मच्छिआ। रिच्छो। लच्छी। छुहा। दच्छो॥ ३०॥

अक्ष्यादिक शब्दों में क्ष को छ आदेश हो। (अक्षिणी का अक्षीणि) क्ष को छकार, ६ से द्वित्व, ७ से च आदेश। अच्छीइ। विभक्ति-कार्य पञ्चम-परिच्छेद में कहेंगे। (क्षीरम्) छ आदेश। आदिस्थ छकार है, अतः द्वित्व नहीं होगा। छीर। (क्षुरम्) छुरं। (क्षारम्) छार। (मक्षिका) यहाँ आदेशभूत छ आदिस्थ नहीं है, अतः द्वित्व चकार हो जायगा। २ से कलोप। मच्छिआ। (ऋक्षः) १२ से ऋ को रि। छादेश। ६ से द्वित्व। ७ से चकार। रिच्छो। (लक्ष्मीः) ४ से मलोप, अन्य कार्य पूर्ववत्। लच्छी। (क्षुधा) २२ से ध को ह। छुहा। (दक्षः) दच्छो।

---

१ चकाररहितच्छकार आदेशो बोध्यः। तथैव च छुण्णादिषु दृश्यते। २ क्षुरे विकल्पः। छुरो, खुरो इति पठन्ति केचित्। ३ वृक्ष इति केचित्। ४ आर्षे इक्खू, खीर, सारिक्खमित्याद्यपि दृश्यते। हे०।

नोट—सं. (६) शेषादेशयोर्द्वित्वमनादौ (७) वर्गेषु युजः पूर्वः । (३४) ष्कस्कक्षां खः । (५) सर्वत्र लवराम् । (२) कगचजतदपयवां प्रायो लोपः । (२५) नो णः सर्वत्र । (१८) पो व. (४) अधो मनयाम् । (४२) अत ओत् सोः । (२४) आदेर्यो जः । (५८) अदातो यथादिषु वा । (२३) खघथधभां हः । (२६) शषोः सः ।

क्षमावृक्षक्षणेषु वा ॥ ३१ ॥

एतेषु क्षकारस्य छकारो भवति वा । छमा, खमा[1] (३-२९ क्ष् = ख्) । वच्छो, रुक्खो (१-३२ सू० स्प०) । छणं, खणं (पक्षे ३-२९ क्ष् = ख्, ५-३० बिं०) । 'वृक्ष'शब्दे ऋकारस्याकारे कृते, क्षणशब्दे चोत्सवाभिधायिनि छत्वमिष्यते[2] ॥ ३१ ॥

दमावृक्षक्षणेषु[3] वा—एषु वा छ स्यात् । पक्षे ख. । छमा, खमा । वच्छो, रुक्खो । छणो, खणो । 'उत्सवार्थे क्षणे छत्व, मुहूर्ते तु खणो भवेत्' । सूत्रे क्षमेति केचित् ॥ ३१ ॥

क्षमा-वृक्ष-क्षण शब्दों में क्ष को छ विकल्प से हो । (क्षमा) 'अः क्षमाश्लाघयोः' इससे क्ष और मकार का विश्लेषण करके मध्य में अकारागम होगा । क्ष को छकार । छमा । पक्ष में ३४ से क्ष को ख आदेश । खमा । (वृक्ष.) ९ से ऋ को अकार । छकार आदेश । ६ से छकारद्वित्व । ७ से चकार । ओत्व पूर्ववत् । वच्छो, पक्ष में 'वृक्षे वेन रुर्वा' १।३२। से वृ को रु आदेश । ३४ से क्ष को ख आदेश । द्वित्व, कादेश पूर्ववत् । रुक्खो । (क्षण.) छादेश । छणो । पक्ष में-खणो । 'उत्सव अर्थ में छादेश छणो और मुहूर्त अर्थ में खणो । कोई 'क्षमा' के स्थान पर 'क्ष्मा' पढ़ते हैं । पूर्ववत् साधुत्व ॥ ३१ ॥

ष्मपक्ष्मविस्मयेषु म्हः ॥ ३२ ॥ ✓

ष्म—इत्येतस्य पक्ष्मविस्मयशब्दयोश्च युक्तस्य म्हकारो भवति । ष्मस्य, गिम्हो (३-३ रेफलोपः, ह्रस्वः संयोगे—ई = इ, ५-१ ओ) । उम्हा (५-४७ आत्मवत् कार्य्यं, शे० पू०) । पम्हो (५-१ ओ, शे० पू०) । विम्हओ (२-२ यलोपः, शे० पू०) । ग्रीष्म, उष्मन्, पक्ष्मन्, विस्मयाः ॥

ष्मपक्ष्मविस्मयेषु म्हः—एषु युक्तवर्णस्य म्हादेशः स्यात् । गिम्हो । पम्हो । विम्हओ ॥ ३२ ॥

ष्म को और पक्ष्म-विस्मय शब्दों के युक्त वर्ण को 'म्ह' आदेश हो । (ग्रीष्मः) ष्म को म्ह आदेश । ३६ से ईकार को इकार । ५ से रेफलोप । गिम्हो । (पक्ष्म) क्ष्म को म्ह आदेश । लिङ्गव्यत्यय । नपुंसक-लिङ्ग का पुंलिङ्ग । पम्हो । (विस्मयः) स्म को म्ह आदेश । २ से यलोप । विम्हओ ॥ ३२ ॥

नोट—सं. (६) शेषादेशयोर्द्वित्वमनादौ । (७) वर्गेषु युजः पूर्वः । (३) उपरि लोपः कगडतदपषसाम् । (१) उत ओत् तुण्डसमेषु । (५) सर्वत्र लवराम् ।

---

१. क्षमा पृथिवी, खमा क्षान्ति । हे० । २. क० पु० छणो । क्षण उत्सव इत्यर्थः । अ० पा० । ३. सञ्जीवनीसमत. पाठोऽयम् ।

(२५) नो णः सर्वत्र । (२) कगचजतदपयवां प्रायो लोपः । (९) ख्लतोऽत् । (१८) षो सः । (१५) सन्धौ अज्लोपविशेषा बहुलम् । (२४) आदेर्यो जः । (५८) अवृतो वयादिषु वा । (२२) ऋ रीति । (४) अधो मनयाम् । (२६) शषसां सः ।

ह्नस्नष्णक्ष्णश्नां ण्हः ॥ ३३ ॥

ह्नादीनां ण्ह इत्ययमादेशो भवति । ह्नस्य, वण्ही, जण्हू (५-१८ दीर्घः) । स्नस्य, ण्हाणं (५-३० बिं०, २-४२ न् = ण्) । पण्हुदं (३-३ रलोपः, १२-३[1] त् = द्, ५-३० बिं०) । ष्णस्य, विण्हू (५-१८ दीर्घः) । कण्हो (३-६१ विप्रकर्षात् ऋ = अ, ५-१ ओ) । क्ष्णस्य, सण्हं (२-४३ श् = स् , विप्रकर्षात् बाहुलकेन लस्यात्वे, ५-३० बिन्दुः) । तिण्हं (ह्रस्वः संयोगे ती = ति, शे० पू०) । श्नस्य, पण्हो (३-३ रलोपः, ५-१ ओ) । सिण्हो २-४३ श् = स् , शे० पू०) । वह्निः, जह्नुः, स्नानम् , प्रस्नुतम् , विष्णुः, कृष्णः, श्लक्ष्णं, तीक्ष्णम् , प्रश्नः, शिश्नः ॥ ३३ ॥

ह्नस्नष्णक्ष्णश्नां ण्ह'—एषां ण्ह' स्यात् । जण्हू । जाण्हवी । ण्हाणं । जोण्हा । विण्हू । जिण्हू । तिण्ह । 'तीव्रार्थे तीक्ष्णशब्दे ण्हो, निशितार्थे तु खो भवेत्' । निशितार्थे तु-तिक्ख । शलक्ष्णम् । 'उपरि क्वापि वक्तव्यो लोपो वर्णान्तरस्य वा' । इति शलोप । लण्ह । (श्नस्य) पण्हा । अण्हन्तो ॥ ३३ ॥

ह्न-स्न-ष्ण-क्ष्ण-श्न इनको ण्ह आदेश हो । (जह्नुः) ह्न को ण्ह आदेश । कोई 'अधो मनयाम्' से नकारलोप के अनन्तर ण्ह मानते हैं । परन्तु नित्यत्वात् प्रथम ही ण्ह हो जायगा । ५२ से दीर्घ । (जाह्नवी) जाण्हवी । (स्नानम्) ण्हाणं । २५ से न को ण । (ज्योत्स्ना) २ से तलोप । ४ से यलोप । ण्हादेश । जोण्हा । (विष्णुः) ५२ से ऊकार । विण्हू । (जिष्णुः) जिण्हू । (तीक्ष्णम्) ३६ से ह्रस्व इकार । क्ष्ण को ण्ह आदेश । तिण्हं । तीव्र अर्थ में तिण्हं । निशित तीखे अर्थ में तिक्ख । ४ से नलोप । ३४ से ख आदेश । ६ से द्वित्व, ७ से ककार । (श्लक्ष्णम्) 'उपरि क्वापि' से शलोप । लण्ह । (प्रश्नः) ५ से रेफलोप । पुंलिङ्ग का प्राकृतत्वात् स्त्रीलिङ्ग । पण्हा । (अश्नन्) अण्हंतो ॥ ३३ ॥

चिह्ने न्धः ॥ ३४ ॥

चिन्हशब्दे युक्तस्य न्ध इत्ययमादेशो भवति । चिन्धं । (१-१२ सू० स्प०) ॥ ३४ ॥

चिह्ने न्ध —अत्र न्धः स्यात् । चिन्ध ॥ ३४ ॥

चिह्न शब्द में ह्न को न्ध आदेश हो । (चिह्नम्) न्धादेश । चिन्धम् ॥ ३४ ॥

ष्पस्य फः ॥ ३५ ॥

ष्प इत्येतस्य फ इत्ययमादेशो भवति । पुप्फं (३-५० फद्वि०, ३-५१ फ् = प् , ५-३० बिं०) । सप्फं (२-४३ ष् = स, शे० पू०) । निप्फा-

---

१. व्यत्ययात्प्राकृतेऽपि, एवं खदो इत्यत्रापि बोध्यम् ॥

ओ। (२-४२ न् = ण् , २-२ पलोपः, फूद्वित्वं पत्वं च पू०, ५-१ ओ)।
पुष्पम् , शष्पम् , निष्पापः ॥ ३५ ॥

ष्पस्य फ'—ष्प इत्येतस्य फ' स्यात्। पुप्फं। सप्फं। णिप्फाओ। णिप्फण्णं।
'श्लेष्मशब्दे तु फादेश ष्म इत्यस्य प्रचक्षते'। सेप्फो। सलेसमा इति लोके॥ ३५॥

ष्प को फ आदेश हो। (पुष्पम्) फ आदेश। ६ से द्वित्व। ७ से पकार। पुप्फ।
(शष्पम्) २६ से श को सकार। अन्यकार्य पूर्ववत्। सप्फं। (निष्पापः) २५ से
न को ण। २ से पलोप। फादेशादि पूर्ववत्। णिप्फाओ। अथवा 'प्रायो लोपः'
णिप्फावो। (निष्पन्नम्) णिप्फण्ण। श्लेष्म-शब्द में भी ष्म को फ आदेश होता है।
५ से लकार का लोप। २६ से श को स। फ आदेशादि पूर्ववत्। सेप्फो।
'सलेस्मा' लोक में होता है। शकार-लकार का वर्ण विश्लेषण करके मध्य में अकारागम।
२६ से श ष को सकार। सलेस्मा॥ ३५॥

स्पस्य सर्वत्र स्थितस्य ॥ ३६ ॥

स्प इत्येतस्य सर्वत्र स्थितस्य फ इत्ययमादेशो भवति। फंसो
(४-१५ बिन्दुः, ३-३ रलोपः, २-४३ श=स् , ५-१ ओ)। फंदणं (२-४२
न् = ण् , ५-३० बि०, शे० पू०) स्पर्शः, स्पन्दनम् ॥ ३६ ॥

स्पस्य—स्पस्य फः स्यात्। फसो। 'बिन्द्वादीदूत्परस्येह द्वित्वं शेषस्य नेष्यते। क्वचि-
त्सस्य क्वचित्पस्य लोप स्पाक्षर इष्यते'॥ परोप्परं। वणस्सई। क्वचित् छादेशोऽपि-छिहा॥

स्प को फ आदेश हो। (स्पर्श) स्प को फ आदेश। ५ से रेफलोप। २६ से
श को स। ६१ से अनुस्वारागम। (बिन्दु०) अनुस्वार-आकार-ईकार-ऊकार से पर
लोपादि से अवशिष्ट वर्ण को द्वित्व नहीं होता है। अतः सकार को द्वित्व नहीं हुआ।
फंसो। 'स्प' अक्षर के कहीं सकार का और कहीं पकार का लोप हो। (परस्परम्)
सलोप। ६ से द्वित्व। ३५ से बहुलग्रहण से अकार को ओकार। परोप्पर।
(वनस्पति.) पलोप, सद्वित्व। ५२ से इकार को दीर्घ। २ से तकारलोप। २५ से
न को ण। वणस्सई। कहीं स्प को छकारादेश भी होता है। (स्पृहा) १० से
ऋकार को इकार। छिहा॥ ३६॥

नोट—न (३४) ष्कस्कयोः खः। (९) ऋतोऽत्। (६) शेषादेशयोर्द्वित्वमनादौ।
(७) वर्गेषु युजः पूर्वः। (३६) इदीतः पानीयादिषु। (५) सर्वत्र लवराम्।
(२) कगचजतदपयवां प्रायो लोपः। (४) अधो मनयाम्। (५२) सुभिसुप्सु दीर्घः।
(२६) शषोः सः। (२५) नो णः सर्वत्र।

सि च[2] ॥ ३७ ॥

स्पस्य क्वचित् सि इत्ययमादेशो भवति। पाडिसिद्धी। (१-२ सू०
स्प०)। प्रतिस्पर्द्धी ॥ ३७ ॥

बाष्पेऽश्रुणि हः ॥ ३८ ॥

बाष्पशब्दे ष्प इत्येतस्य हकारो भवति अश्रुणि वाच्ये। बाहो

---

१ सञ्जीवनीसंमतः पाठः। २. सि च—इति सूत्रं नास्ति सञ्जीवन्याम्।

(५-१ ओ, ३-५४ ह्रस्वं न)। अश्रुणि किम् ? बप्फो (४-१ वा = ब, ३-३५ ष्प् = फ्, ३-५० फ्द्वि०, ३-५१ फ् = प्, ५-१ ओ)। उम्हा¹ (५-४७ आत्मवत्)। बाष्पः, ऊष्मा ॥ ३८ ॥

बाष्पेऽश्रुणि हः—अश्रुण्यर्थे बाष्पशब्दस्य ष्पस्य ह स्यात्। बाहो। मण्डूकप्लुत्या वेति सबध्यते। तेन—'बप्फमोक्खं करइस्सं' इत्यादौ न। 'क्वचिद् दक्षिणशब्देऽपि क्षस्य हादेश इष्यते'। दाहिणो। क्वचिद्ग्रहणात् न सर्वत्र। दक्खिणो। दक्खिण्णं-इत्यादौ न ॥ ३८ ॥

अश्रु-अर्थ में बाष्पशब्द के ष्प को ह आदेश। (बाष्पः) ह आदेश हो गया। बाहो। 'मण्डूकप्लुति' से 'समासृलक्षणेषु वा' से वा की अनुवृत्ति आने से यह अर्थ होगा कि कहीं ह आदेश नहीं होगा। जैसे–'बप्फमोक्खं करइस्सं', 'ष्पस्य फः' से फ आदेश। द्वित्व, पकार पूर्ववत्। 'बप्फ' इति। कहीं 'दक्षिण'शब्द में भी क्ष को ह आदेश होता है। (दक्षिण·) क्ष को हकार। दाहिणो। क्वचित् ग्रहण है, अर्थात् कहीं किसी स्थलविशेष में होगा, सर्वत्र नहीं। अतः (दक्षिण·) में ह आदेश नहीं होगा। किन्तु ३४ से क्ष को ख आदेश। ४ से द्वित्व। ७ से ककार। दक्खिणो। (दाक्षिण्यम्) पूर्ववत् क्ष को ख आदेश, द्वित्व, ककार। ४ से यलोप। शेष णकार को ६ से द्वित्व। ५८ से आकार को ह्रस्व अकार। दक्खिण्णं ॥ ३८ ॥

कार्षापणे ॥ ३९ ॥

कार्षापणशब्दे युक्तस्य हकारो भवति। काहावणो (२-१५ प् = व्, २-४२ न् = ण्, ५-१ ओ) ॥ ३९ ॥

कार्षापणे—अत्र युक्तस्य ह स्यात्। काहावणो ॥ ३९ ॥

कार्षापणशब्द में युक्त 'र्ष' को ह होय। (कार्षापणः) र्ष को ह आदेश। १८ से प को वकार। काहावणो ॥ ३९ ॥

श्चत्सप्सां छः ॥ ४० ॥

एतेषां छकारो भवति। श्चस्य, पच्छिमं (३-५० छ्द्वि०, ३-५१ छ = च्, ४-१२ बिं०)। अच्छेरं (१-५ सू० स्प०)। त्सस्य, वच्छो (५-१ ओ)। वच्छरो (३-५० छ्द्वि०, ३-५१ छ् = च्, ५-१ ओ)। प्सस्य, लिच्छा। जुगुच्छा (स्पष्टम्)। पश्चिमम्, आश्चर्यम्, वत्सः, वत्सरः, लिप्सा, जुगुप्सा ॥ ४० ॥

श्चत्सप्सां छः—एषां छ· स्यात्। (श्चस्य) णिच्छओ। पच्छिमो। (त्सस्य) वच्छो। उच्छाहो। (प्सस्य) लिच्छा। जुउच्छा। 'छादेश· श्चत्सयो क्वापि न मन्यन्ते मनीषिण'। णिच्चलो। इह तु वा–ऊसित्तो। 'ईदूतावितुतो स्थाने स्यातां बह्व्यानुरोधत'। पक्षे-उच्छित्तो ॥ ४० ॥

श्च+त्स+प्स इनको छकार हो। (निश्चयः) श्च को छ आदेश। ६ से द्वित्व।

---

१. क्वचिदयं पाठो न दृश्यते।

७ से चकार। २५ से न को ण आदेश। २ से यलोप। ४२ से ओकार। णिच्छओ। (पश्चिमः) पूर्ववत्। पच्छिमो। 'त्स' का उदाहरण—(वत्सः) वच्छो। (उत्साहः) उच्छाहो। (प्स का)—(लिप्सा) लिच्छा। (जुगुप्सा) २ से गलोप। जुउच्छा। लोप प्रायिक है, अत जुगुच्छा। 'श्च त्स' को सर्वत्र छकार नहीं होता है। अत. निश्चल', उत्सिक्त-इत्यादिक में छादेश नहीं होगा। (निश्चल) २५ से न को णकार। 'उपरि क्वापि वक्तव्यो लोपो वर्णान्तरस्य च'। इससे अथवा पूर्वस्थानिक सकार मानकर ३ से सलोप। ६ से द्वित्व। णिच्चलो। (उत्सिक्त.) यहाँ विकल्प से छकार का निषेध होगा। ३ से तकार और क्त के ककार का लोप होगा। लक्ष्यानुरोध से उकार को ऊकार होगा। बिन्दु, दीर्घ-आ, ई, ऊ से पर वर्ण को द्वित्व नहीं होता है, अत. ऊकार से पर सकार को द्वित्व नहीं हुआ। तकार को द्वित्व। ऊसित्तो। पक्ष में- छकार। ६ से द्वित्व। ७ से चकार। उच्छित्तो॥ ४०॥

नोट—न (२६) शषो स । (५) सर्वत्र लवराम् । (६१) वक्रादिषु। (६) शेषादेशयोर्द्वित्वमनादौ। (३५) सन्धौ अजलोपविशेषा बहुलम्। (५२) सुभिसुप्सु दीर्घः। (२) कगचजतदपयवा प्रायो लोप.। (२५) नो णः सर्वत्र। (१०) इदृष्यादिषु। (३४) ष्कस्कक्षा ख । (७) वर्गेषु युजः पूर्वं । (४) अधो मनयाम्। (५८) अदातो यथादिषु वा। (१८) पो व.। (४२) अत ओत्सो.।

वृश्चिके ञ्छः ॥ ४१ ॥

वृश्चिकशब्दे श्चकारस्य ञ्छ इत्ययमादेशो भवति। विञ्छुओ (शेषं १-१५ सू० स्प०)॥ ४१॥

वृश्चिके ञ्छ'—अस्य ञ्छ स्यात्। विञ्छुओ॥ ४१॥

वृश्चिकशब्द में श्च को ञ्छ आदेश हो। (वृश्चिक) १० से ऋ को इकार। 'उदिक्षुवृश्चिकयोः' से श्च-गत इकार को उकार। विञ्छुओ॥ ४१॥

नोत्सुकोत्सवयोः ॥ ४२ ॥

उत्सुक, उत्सव-इत्येतयोः छकारो न भवति। 'श्चत्सप्सां छ' इति प्राप्ते प्रतिषिध्यते। उस्सुओ (२-२ क्लोपः, ५-१ ओ)। उस्सवो (३-१ त्लोपः, ३-५० स्द्वि०, २-२ प्रायोग्रहणात् लोपो न, शे० पू०)॥ ४२॥

नोत्सुकोत्सवयो —एतयो त्सस्य छादेशो न स्यात्। ऊसुओ। ऊसओ॥४२॥

उत्सुक और उत्सव शब्द में 'त्स' को छकार नहीं होगा। (उत्सुकः) ३ से तकारलोप। लक्ष्यानुरोध से उकार को ऊकार। तथा दीर्घ से पर को द्वित्व नहीं होगा। २ से ककार का, उत्सव' में वकार का लोप होगा। ऊसुओ। (उत्सवः) ऊसओ॥ ४२॥

न्मो मः ॥ ४३ ॥

न्म इत्येतस्य म इत्ययमादेशो भवति। अधो लोपे प्राप्ते। जम्मो (३-५० म्द्वि०, ५-१ ओ)। वम्महो (२-३९ सू० स्प०)। जन्म, मन्मथः॥ ४३॥

न्मो मः—न्म इत्यस्य म स्यात् । उम्माओ । सम्मग्गो । जम्मो ॥ ४३ ॥

न्म इसको म आदेश हो । (उन्मादः) न्म को मकार हो गया । ६ से मकारद्वित्व । २ से दकारलोप । ४२ से ओकार । उम्माओ । (सन्मार्गः) म आदेश, द्वित्व । ५ से रेफलोप । द्वित्व । ५८ से आ को अकार । ओत्वादि पूर्ववत् । सम्मग्गो । (जन्म) न्म को मकार । द्वित्व । 'नसन्तप्रावृट्०' ४+१८ से पुंल्लिङ्ग । ओकार पूर्ववत् । जम्मो ॥ ४३ ॥

नोट—नं. (२५) नो णः सर्वत्र । (३) उपरि लोपः कगडतदपषसाम् । (६) शेषादेशयोर्द्वित्वमनादौ । (७) वर्गेषु युज. पूर्वः । (१०) इदृष्यादिषु । (४२) अत ओत्सोः । (५) सर्वत्र लवराम् । (५८) अदातो यथादिषु वा । (३२) त्यथ्यद्यां चछजाः ।

म्नज्ञपञ्चाशत्पञ्चदशेषु णः ॥ ४४ ॥

म्न ज्ञ इत्येतयोः पञ्चाशत्-पञ्चदशशब्दयोश्च युक्तस्य णकारो भवति । म्नस्य, पज्जुण्णो (३-३ र्लोपः, ३-२७ द्य् = ज् , ३-५० जणयोर्द्वि०, ५-१ ओ) । ज्ञस्य[1] जण्णो (२-३१ य् = ज् , शे० पू०) । विण्णाणं (३-५० णद्वि०, २-४२ न् = ण् , ५-३० बिं०) । पण्णासा (२-४३ श् = स, ४-७ त् = आ, शे० पू०) । पण्णरहो (३-५० णद्वि०, २-१४ द् = र् , २-४४ श् = ह् , ५-१ ओ) । प्रद्युम्नः, यज्ञः, विज्ञानम् , पञ्चाशत् , पञ्चदश ॥ ४४ ॥

म्नज्ञपञ्चाशत्पञ्चदशसु[2] णः—म्नज्ञयो पञ्चाशत्-पञ्चदश इत्येतयोर्यो युक्तो वर्णस्तस्य ण स्यात् । पज्जुण्णो । णिण्णआ । अहिण्णाण । विण्णाण । पण्णासा । पण्णरह ॥४४॥

म्न, ज्ञ-इन अक्षरों को और पञ्चाशत्-पञ्चदश शब्दों के युक्त वर्ण को णकार हो । (प्रद्युम्न.) ५ से रलोप । ३२ से द्य को जकार । म्न को णकार । द्वित्व, ओकार पूर्ववत् । पज्जुण्णो । (निम्नगा) म्न को ण । द्वित्व । २५ से न को ण । २ से गलोप । णिण्णआ । 'णिण्णगा' व्यवहार्य है । (अभिज्ञानम्) ज्ञ को णकार । द्वित्व । २३ से भ को हकार । २५ से न को णकार । अहिण्णाण । एवम् (विज्ञानम्) विण्णाणं । (पञ्चाशत्) ञ्च को णकार । द्वित्व । २६ से श को स । 'स्त्रियामात्' से आकार । पण्णासा । (पञ्चदश) 'ञ्च' को णकार, द्वित्व । २७ से ह । १७ से रेफ । पण्णरह ॥४४॥

तालवृन्ते ण्टः ॥ ४५ ॥

तालवृन्ते युक्तस्य ण्ट इत्ययमादेशो भवति । तालवेण्टअं (१-१० सू० स्प०) ॥ ४५ ॥

तालवृन्ते ण्टः—अत्र युक्तस्य ण्टादेश स्यात् । तालवेण्टं । वृन्तशब्दस्य प्राधान्येनाभिप्रेतत्वात्तालपदोपपदं विनापि ण्टादेश. । (वृन्तम्) वेण्टं ॥ ४५ ॥

तालवृन्तशब्द में न्त को ण्ट हो । इससे न्त को ण्ट आदेश । ९ से ऋ को अकार । ११ से एकार । तालवेण्टं । प्रधान वृन्तशब्द ही विवक्षित है । ताल-

---

१. ज्ञो ञः ८।२।८३ । ज्ञः सम्बन्धिनो ञस्य लुग् भवति । सज्ञा, सण्णा । क्वचिन्न भवति, विण्णाणं । हे० । २ सजीवनीस्थः पाठः ।

शब्द के बिना केवल वृन्त-शब्द में भी 'ण्ट' आदेश होगा। अन्य कार्य पूर्ववत्। (वृन्तम्) वेण्टं ॥ ४५ ॥

भिन्दिपाले ण्डः ॥ ४६ ॥

भिन्दिपालशब्दे युक्तस्य ण्ड इत्ययमादेशो भवति । भिण्डिवालो (२-१५ प=व्, ५-१ ओ) ॥ ४६ ॥

भिन्दिपाले ण्डः—अत्र युक्तस्य ण्डादेश । भिण्डिआलो ॥ ४६ ॥

भिन्दिपालशब्द में न्द को ण्ड हो। (भिन्दिपाल.) भिण्डिआलो ॥ ४६ ॥

विह्वले भहौ वा[1] ॥ ४७ ॥

विह्वलशब्दे युक्तस्य भकारह्वकारौ भवतो वा। विब्भलो[2] (३-५० भ्द्वि०, ३-५१ भ्=व्, ५-१ ओ)। विहलो (३-५४ ह्द्वित्वं न)। विह्वलः ॥ ४७ ॥

विह्वले भो वा[3]—अत्र युक्तस्य भो वा स्यात्। भिब्भलो। पक्षे—विहलो। 'ह्वस्य भ क्वचिदन्यत्र गोजिह्वादावपीष्यते'। गोइब्भा ॥ ४७ ॥

(आदेश्च)

आदेश्च[4]—विह्वलशब्दे आदेर्वर्णस्य वा भकार स्यात्। अत्र चकारग्रहणाद् यत्र संयुक्तस्य भकारस्तत्रैवादेरपि। भिब्भलो, विहलो ॥

विह्वलशब्द में ह्व को भकार हो। इससे ह्व को भकार हो गया। ६ से भकार-द्वित्व। ७ से पूर्व भ को बकार। अग्रिम 'आदेश्च' से वकार को भकार हो गया। आदि में भकार है, अतः उसे द्वित्व नहीं होगा। ओकार पूर्ववत्। भिब्भलो। पक्ष में—५ से वलोप। 'न रहो.' से हकार के द्वित्व का निषेध हो जायगा। विहलो। 'विह्वल' शब्द के अतिरिक्त अन्यत्र भी ह्व को भ आदेश होता है। (गोजिह्वा) ह्व को भ आदेश। द्वित्व, बकार पूर्ववत्। २ से जकार लोप। गोइब्भा। पक्ष में—जहाँ ह्व को भ नहीं होगा वहाँ 'आदेश्च' से वकार को भकार क्यों नहीं होता है? समाधान यह है कि—जहाँ ह्व को भ होता है वहीं आदि को भी भ होगा—यह चकारग्रहण से सूचित होता है। (विह्वल·) भिब्भलो। विहलो ॥ ४७ ॥

नोट—नं (२५) नो ण सर्वत्र। (२) कगचजतदपयवां प्रायो लोपः। (२३) खघथधभां ह.। (२६) शषो. स.। (२७) दशादिषु हः। (१७) सङ्ख्यायां च। (९) ऋतोऽत्। (३१) ए शय्यादिषु। (६) शेषादेशयोर्द्वित्वमनादौ। (७) वर्गेषु युजः पूर्वः। (५) सर्वत्र लवराम्।

आत्मनि पः ॥ ४८ ॥

---

१ वा विह्वले वौ वश्च ८।२।५८। विह्वले ह्वस्य भो वा भवति तत्सन्नियोगे च विशब्दे वस्य वा भो भवति। भिब्भलो। हे०। २ क्वचिद् बेब्भलो, तत्र पिण्डसमत्वादेत्व बोध्यम्। ३ संजीवनीसम्मतः पाठः। ४ इद सूत्र नास्ति भामहवृत्तौ।

आत्मशब्दे युक्तस्य पकारो भवति । अप्पा (३–५० पद्धि, ५–४६ राजवत्कार्यम्–आ = अ) ॥ ४८ ॥

आत्मनि पः—अत्र युक्तस्य वा पः स्यात् । अप्पा । अत्ता । अप्पाणो । 'अविकल्पेन पादेशो माहात्म्ये प्रतिपाद्यते' । माहप्प ॥ ४८ ॥

आत्मन्-शब्द में संयुक्त त्म को विकल्प से पकार हो । (आत्मा) त्म को प आदेश हो गया । ६ से द्वित्व । अप्पा । पक्ष में-४ से मलोप । तकारद्वित्व । ५८ से आकार को ह्रस्व । अत्ता । पक्ष में-'आत्मनोऽप्पाणो वा' इससे अप्पाण आदेश । अप्पाणो । माहात्म्यशब्द में नित्य 'त्म्य' को 'प' आदेश हो । (माहात्म्यम्) ४ से यलोप । त्मको पकार । ६ से द्वित्व । माहप्पं ॥ ४८ ॥

क्मस्य ॥ ४९ ॥

क्म इत्येतस्य पकारो भवति । रुप्पं (३–५० पद्धि० , ५–३० बिं०) । रुप्पिणी (पू०) । रुक्मं, रुक्मिणी । योगविभागो नित्यार्थः ॥ ४९ ॥

क्मस्य—क्म इत्यस्य पादेश स्यात् । रुप्प । रुप्पिणी । 'भवति स्थानिनो ड्मस्य कुड्मलेऽपि पकारता' । कुपल । 'त्वस्य स्थाने कचौ क्वापि ग्धद्धब्धेषु च ढ क्वचित्' । मउक्क । चच्चरं । विअड्ढो । परिअड्ढी । बुड्ढो । थड्ढो । क्वचिदित्युक्तेर्नेह–गत्तरो । सदिद्धो । णिसिद्धो । लद्धो ॥ ४९ ॥

क्म को प आदेश हो । (रुक्मम्) प आदेश, पूर्ववत् द्वित्व । रूप्पं । (रुक्मिणी) रुप्पिणी । 'कुड्मल' शब्द में भी ड्म के स्थान पर पकार आदेश हो । (कुड्मलम्) ड्म को पकार आदेश । ६१ से अनुस्वारागम । कुपलं । अनुस्वार से पर को द्वित्व नहीं होता है, यह प्रथम बता आये हैं । त्व के स्थान पर कहीं ककार अथवा चकार होता है, और ग्ध द्ध ब्ध को ढकार होता है । जैसे-(मृदुत्वम्) त्व को ककार । ६ से कद्वित्व । ९ से ऋ को अकार । २ से दलोप । मउक्कं । (चत्वरम्) त्व को च आदेश । द्वित्व । चच्चर । (विदग्ध.) ग्ध को ढकार । ६ से द्वित्व । ७ से ड । २ से दलोप । विअड्ढो । (परिवृद्धि.) द्ध को ढ । ९ से ऋ को अकार । २ से वलोप । ५२ से इकारदीर्घ । ढ को द्वित्व । आदेश पूर्ववत् । परिअड्ढी । (वृद्धः) द्ध को ढ आदेश । द्वित्व, ड आदेश ६+७ से । ११ से ऋ को उकार । बुड्ढो । (स्तब्धः) ब्ध को ढ आदेश । पूर्ववत् द्वित्व, ड आदेश । २९ से स्त को थ आदेश । थड्ढो । 'क्वचित्' कहीं ये आदेश होते हैं, सर्वत्र नहीं । अत. गत्तरो (गत्वर.) । (संदिग्धः) संदिद्धो । (निषिद्ध.) णिसिद्धो । (लब्धः) लद्धो । ३ से ब गलोप । ६+७ द्वित्व, दकार । २५ से न को ण । २६ से ष को स । णिसिद्धो । २ से नलोप । लद्धो ॥ ४९ ॥

नोट—न. (६) शेषादेशयोर्द्वित्वमनादौ । (४) अधो मनयाम् । (५८) अदातो यथादिषु वा । (६१) वक्रादिषु । (९) ऋतोऽत् । (२) कगचजतदपयवां प्रायो लोप. । (५२) सुभिसुप्सु दीर्घः । (७) वर्गेषु युज पूर्वः । (११) उदृत्वादिषु । (२९) स्तस्य थः । (३) उपरि लोपः कगडतदपषसाम् । (२५) नो णः सर्वत्र । (२६) शषोः सः ।

शेषादेशयोर्द्वित्वमनादौ ॥ ५० ॥

युक्तस्य यौ शेषादेशभूतौ तयोरनादौ वर्तमानयोर्द्वित्वं भवति। शेषस्य तावत्, भुत्तं (३-१ क्लोपः, ३-५० वृद्धि०, ५-३० बिं०)। मग्गो (३-३ र्लोपः, ३-५० गृद्धि०, ५-१ ओ)। आदेशस्य, लट्ठी (२-३२ सू० स्प०)। दिट्ठी (१-१८ सू० स्प०)। हत्थो (३-१२ सू० स्प०)। अनादाविति किम्? खलिअं (३-१ स्लोपः, २-२ त्लोपः, ५-३० बिं०)। खंभो (३-१४ सू० स्प०)। थवओ (३-१२ सू० स्प०)। भुक्तम्, मार्गः, यष्टिः, हस्तः, स्खलितम्, स्तम्भः, स्तबकः ॥ ५० ॥

शेषादेशयोर्द्वित्वमनादौ—संयुक्तस्य अधः उपरि वा स्थिते व्यञ्जने लुप्ते यदवशिष्टं व्यञ्जनं तच्छेषः। यच्च युक्तस्यैव स्थाने आदिष्टं तदादेशः। तयोः अनादौ वर्तमानयोर्युक्ताक्षरस्य शेषादेशयोर्द्वित्वम्। पूर्वञ्चोदाहरणानि प्रपञ्चितानि, तत एवागन्तव्यम्। अथापि किञ्चिदुदाह्रियते, शेषस्य तावत्—भुक्ति-भुत्ती। रस्मय-रस्सओ। आसक्त-आसत्तो। तस्कर-तक्करो। लग्नम्-लग्ग। भोज्यम्-भोज्ज। उल्का-उक्का। विप्लव-विप्पओ। निर्विण्ण-णिव्विण्णो। आदेशस्य-मर्यादा-मज्जादा। पर्याप्तम्-पज्जाण। कर्तनम्-कट्टण। गर्त-गड्ड। चेष्टा-चेट्ठा। प्रत्यय पच्चओ। आतोद्यम्-आओज्जं। अनादाविन्युक्तेर्नेह—स्थविर-थविरो। च्यवन-चवणो। ध्वज धओ। आदेशस्यादित्वात्वान्नेह—स्तबक-थवओ। स्पन्द-फंदो। ध्यानम्-झाण। क्षीण-खीणो। स्थविरा-थविरा। ध्वज धओ। युक्तस्येत्यधिकाराद् युक्तयोरेव शेषादेशयोर्द्वित्वम्। तेनेह न—तट-तडो। तडाग-तलाओ। विशेष-विसेसो। 'बिन्द्वादीदूत्परस्येह द्वित्वं कस्यापि नेष्यते'। बिन्दौ सन्ध्या-सझा। सन्ध्या-सझा। वक्र वको। प्रस्विन्नम्-पासिण्ण। निष्पन्द-णीसन्दो। 'ईदूताविदुतो स्थाने स्याता लक्ष्यानुरोधतः'। इतीकार। उत्सिक्त-ऊसित्तो। एवमेव लक्ष्यानुसारेण इदुतोरीदूतौ कल्पनीयौ ॥ ५० ॥

इस सूत्र में संयुक्ताक्षर के अधः स्थित अथवा उपरि स्थित वर्ण का लोप करने पर जो अवशिष्ट रहे वह शेष तथा संयुक्त व्यञ्जन के स्थान पर जो हो वह आदेश कहलाता है। क्योंकि यह द्वित्वविधायक सूत्र 'युक्तस्य' ३+१ के अधिकार में पठित है। तो यह अर्थ होगा—आदि में विद्यमान नहीं ऐसे युक्त अक्षर का जो शेष अथवा आदेश-स्वरूप व्यञ्जन हो उसे द्वित्व हो। पूर्व में अनेक उदाहरण आ गये हैं। फिर भी उदाहरण तत्तत् सूत्रों के शेष तथा आदेश के दिये हैं। किस किस सूत्र के शेष तथा किस किस सूत्र के आदेश के उदाहरण हैं, अतः उन सूत्रों को दिखाते हैं, उदाहरणों में स्वयं कल्पना कर लेना।

सूत्र शेष के—(२) कगचजतदपयवां प्रायो लोपः। (४) अधो मनयाम्। (३) उपरि लोपः कगडतदपषसाम्। (५) सर्वत्र लवराम्।

आदेशविधायक—(१०) यशय्याभिमन्युषु। (२१) पर्यस्तपर्याणसौकुमार्येषु ल्लः। (३०) र्तस्य ट। (२५) गर्ते डः। (२८) ष्टस्य ठः। (३२) त्यथ्यद्यां चछजाः।

आदि में लोपशेष—(३) उपरि लोपः कगडतदपषसाम्। (४) अधो मनयाम्। (५) सर्वत्र लवराम्।

आदि में आदेश—(२९) स्तस्य थः । (५३) स्पस्य । (३३) ष्पस्पयोर्फः । (३४) ष्कस्कयोः खः ।

अयुक्त मे आदेश—(१९) टो डः । (२०) ठस्य च । (२६) शषोः सः । संख्यादिक शब्दों में भी उक्त ही सूत्र लगते हैं ।

बिन्दु तथा ईकार, ऊकार से परे वर्ण को कभी भी द्वित्व नहीं होता है । जैसे—संख्या का संखा । वक्रः-वंको इत्यादि । ह्रस्व इकार, उकार के स्थान पर लक्ष्यानुसार दीर्घ ईकार, ऊकार होते हैं । जैसे—निष्पन्दः का णीसंदो । उत्सिक्तः का ऊसित्तो—इत्यादि ॥ ५० ॥

वर्गेषु युजः पूर्वः ॥ ५१ ॥

युक्तस्य यौ शेषादेशावनादिभूतौ तयोर्द्वित्वेऽपि विहिते अथ ऊर्ध्वे[1] च यौ वर्गेषु वर्णौ द्वितीयश्चतुर्थो वा[2] विहितस्तस्य पूर्वः प्रथमस्तृतीयो वा भवति । वर्गेषु युग्मस्य द्वितीयस्य प्रथमः, चतुर्थस्य तृतीयो द्वित्वेन विधीयते, अयुग्मयोः प्रथमतृतीयपञ्चमरूपयोः शेषादेशयोस्तु तावेव भवतः । शेषस्य, वक्खाणं (३-२ उभयत्र य्लोपः, ४-१ ह्रस्वः, ३-५० ख्द्वित्वे, पूर्व० ख् = क्, २-४२ न् = ण्, ५-३० बिं०) । अग्घो (३-३ र्लोपः, ५-१ ओ) । मुच्छा (४-१ ह्रस्वः) । णिज्झरो । लुद्धो । णिब्भरो (पू० दुलोपादि) । आदेशस्य, दिट्ठी (१-२८ सूत्रतोऽनुसन्धेयम्) । लट्ठी (२-३२ सू० स्प०) । वच्छो (३-३० सू० स्प०, शेषमवदातम्) । विप्फरिसो (३-३५ स्प् = स्फ्, ३-६२ विप्रकर्षः, पूर्वस्वरतया रिकारश्च, २-४३ श् = स्, ५-१ ओ) । णित्थारो (२-४२ न् = ण्, ३-१२ स्त् = थ्, शे० स्प०) । जक्खो (१-३१ सू० स्प०) । लच्छी (३-३० सू० स्प०) । अट्ठी (३-११ सू० स्प०) । पुप्फं (३-३५ सू० स्प० । ३-५० सर्वत्र द्वित्वम्) । व्याख्यानम्, अर्घः, मूर्च्छा, निर्झरः, लुब्धः, निर्भरः, दृष्टिः, यष्टिः, वक्षः, विस्पर्शः, निस्तारः, यक्षः, लक्ष्मीः, अस्थि, पुष्पम् ॥ ५१ ॥

वर्गे[3] युजः पूर्वः—कवर्गादिके पञ्चवर्गमध्ये शेषादेशयोर्द्वित्वे विहिते, युजः = समाक्षरस्य द्वितीयस्य चतुर्थस्य वा द्वित्वे कृते तस्मादेव पूर्वः-यथाक्रम स्वाव्यवहितपूर्वगतो वर्ण द्वितीयस्य प्रथम चतुर्थस्य तृतीयो वर्णो भवति । पूर्वं बहुषूदाहरणेषु प्रपञ्चितम् । अथापि अभ्यासाय किञ्चिदुदाह्रियते—सौख्यम् = सोक्ख । मोक्षः = मोक्खो । विघ्नः = विग्घो । व्याघ्र = वग्घो । मूर्छित = मुच्छिओ । निर्झर = णिज्झरो । 'ओत्वं सह नकारेण स्यादितो निर्झरेऽपि वा' । ओज्झरो । गोष्ठी = गोट्ठी । गुणाढ्यः = गुणड्ढो । पार्थिव = पत्थिओ । अध्वगः = अद्धओ । गुल्फ = गुप्फो । अभ्यास =

---

१ क० पु० ऊर्ध्वं । अ० पा० । २ क० पु० 'अवशिष्टौ विहितौ य ' अ० पा० ।

३ सञ्जीवन्यनुसारी पाठ एषः ।

अब्भासो । नक्षत्रम् = णक्खत्तं । लक्ष्मी=लच्छी । उपाध्यायः = उवज्झाओ । धृष्ट=धिट्ठो । वृद्ध = वुड्ढो । विश्वस्त = वीसत्थो । पुष्पितम् = पुप्फिअं । विह्वल = विब्भलो । पूर्वोक्तै सूत्रै प्राय सेत्स्यन्ति ॥ ५१ ॥

कवर्गादि पाँच वर्गों के वर्ण को द्वित्व करने पर जो सम अक्षर है अर्थात् दूसरा अथवा चौथा अक्षर है उसके द्वित्व करने पर उसका पूर्व अर्थात् द्वितीय का पूर्व प्रथम एवं चतुर्थ का पूर्व तृतीय आदेश हो । तात्पर्य यह कि द्वितीय को द्वित्व करने पर उसके प्रथम द्वित्व वर्ण को उस वर्ग का क-च ट त-प आदेश होगा एवं चतुर्थ को द्वित्व करने पर उसका ग-ज ड-द ब आदेश होगा । एतदनुकूल ही सब उदाहरण हैं ॥ ५१ ॥

नीडादिषु ॥ ५२ ॥

नीड इत्येवमादिषु अनादौ वर्तमानस्य च द्वित्वं भवति[1] । णेड्डं (स्पष्टम्), 'एत्नीडापीडे'(१-१९)त्यादिना एत्वम् । सोत्तं (३-३ र्लोपः, ४-६ अन्त्यलोप., ५-३० बिन्दुः) । पेम्मं (३-३ र्लोपः, बाहुलकाद् उभयत्र ४-१८ प्रवृत्तिर्न, शेषं पूर्ववत्) । वाहित्तं[2] (२-२ य्लोपः, १-२८ ऋ = इ, ५-३० बिन्दुः) । उज्जुओ[3] (१-२९ ऋ = उ, २-२ क्लोप., ५-१ ओ) । जणओ (२-४२ न् = ण् , २-२ क्लोपः, ५-१ ओ) । जोव्वणं (१-४१ औ = ओ, २-३१ य् = ज्, २-४२ न् = ण्, ५-३० बिं०) । नीडम् , स्रोतः, प्रेम, व्याहृतम्, ऋजुकः, जनकः, यौवनम् ॥५२॥

नीडादिषु—एषु अनादौ स्थितस्य द्वित्वम् । नेड्ड । जोव्वण । तुण्हीको । पेम्मो । एक्को । वाहित्तो । उज्जुओ । सोत्तो । चल्लिओ । मड्डुक्को ॥ ५२ ॥

नीडादिक शब्दों में अनादि स्थित वर्ण को द्वित्व हो । (नीडम्) णेड्ड । 'एत्नीडापीड' से एकार । (यौवनम्) १४ से ओकार । २४ से ज । २५ से ण । जोव्वण । (तूष्णीक) 'ह्रस्नष्ण०' ३।३३ से ह्न । ५९ से उकार । तुण्हीको । (प्रेम) ५ से र-लोप । पुस्त्व । पेम्मो । (एक.) एक्को । (व्याहृत.) ४ से यलोप । १० से ऋ को इकार । वाहित्तो । (ऋजुक) ११ से उ । २ से कलोप । उज्जुओ । (स्रोतस्) ६० से सलोप । ५ से रेफलोप । पुस्त्व । सोत्तो । (चलितः) २ से तलोप । चल्लिओ । (मण्डूक) ५९ से ऊकार को उकार । मंडुक्को । ये उदाहरण दिखाये हैं । लक्ष्यानुसार अन्य भी कल्पना कर लेना ॥ ५२ ॥

नोट- नं० (१४) औत ओत् । (२४) आदेर्यो जः । (२५) नो णः सर्वत्र । (५९) उदूतो मधूकादिषु । (५) सर्वत्र लवराम् । (४) अधो मनयाम् । (१०) इदृष्यादिषु । (११) उदृत्वादिषु । (२) कगचजतदपयवां प्रायो लोपः । (६०) अन्त्यस्य हलः ।

आम्रताम्रयोर्वः ॥ ५३ ॥

---

१ अनादेशत्वादप्राप्ते विधिरयम् । २ इत्कृपादौ ८।१।१२८ । हेमसूत्रे कृपाद्यन्तर्गतेव्याहृतस्य पाठात् । ३ ऋणर्व्वृषभत्वृषौ वा ८।१।१४१ । इति हेमानुसारतः-रिजू । उजू ।

आम्र-ताम्र इत्येतयोर्द्वित्वेन वकारो भवति । अव्वं । तव्वं[1] (४-१ ह्रस्वः संयोगे, ३-५० बद्वि०, ५-३० बिं०) ॥ ५३ ॥

आम्रताम्रयोर्वः—अनयोर्द्वित्वे व स्यात् । स च लक्ष्यवशादेकदेशे एव । अबो । तबो ॥ ५३ ॥

आम्र ताम्र के द्वित्व होने पर लक्ष्यानुसार अन्तिम म को व हो । (आम्रः) ५ से रेफलोप । अंबो । (ताम्र.) तबो । उभयत्र ५८ से आकार को अकार । फल अर्थ में- (आम्रम्) अंबं । (ताम्र पात्रम्) तंब ॥ ५३ ॥

न रहोः ॥ ५४ ॥

रेफहकारयोर्द्वित्वं न भवति । धीरं (१-३९ सू० स्पष्टम्) । तूरं (३-१८ सू० स्पष्टम्) । जीहा (१-१७ सू० द्रष्टव्यम्) । वाहो (३-३८ सू० स्प०) । धैर्यम्, जिह्वा, वाष्पः ॥ ५४ ॥

न रहो:—अनयोर्द्वित्व न स्यात् । सुदेर । अच्छेरं । पेरतो । विहलो । काहायणो ॥ ५४ ॥

रेफ और हकार को द्वित्व न हो । (सौन्दर्यम्) ६५ से औ को उकार । ३१ से एकार । 'तूर्यधैर्य०' से र्य को रकार । उसे द्वित्व प्राप्त था, निषेध हो गया । सुंदेरं । (आश्चर्यम्) ५८ से आ को अकार । ४४ से श्च को छकार । द्वित्वादि पूर्ववत् । 'तूर्यधैर्य०' से र्य को रकार । ३१ से एकार । रेफ को द्वित्व नहीं । अच्छेर । (पर्यन्त) पूर्ववत् रेफ और निषेध । पेरतो । (विह्वल.) ५ से वकारलोप । उक्त सूत्र से ह के द्वित्व का निषेध । विहलो । (कार्षापण) ५८ से अकार । १८ से प को व । 'कार्षापणे ह.' इससे हकार । द्वित्व-निषेध । काहावणो ॥ ५४ ॥

आङो ज्ञस्य ॥ ५५ ॥

आङ उत्तरस्य ज्ञ इत्येतस्यादेशस्य द्वित्वं न भवति । आणा (३-४४ ज्ञ् = ण) । आणत्ती (पूर्ववत् ज्ञ् = ण्, ३-१ प्लोपः, ३-५० तद्वि०, ५-१८ दीर्घः) । आज्ञा, आज्ञप्तिः । आङ इति किम् ? सण्णा (३-४४ ज्ञ् = ण्, ३-५० णद्वित्वम्) । संज्ञा ॥ ५५ ॥

आङो ज्ञादेशस्य[2]—आङ परस्य ज्ञादेशस्य द्वित्वं न स्यात् । आणा । आणत्ती । आङ परत्वाभावात् नेह-विण्णाण । अहिण्णाण ॥ ५५ ॥

आङ् से पर ज्ञादेश को द्वित्व न हो । (आज्ञा) 'ज्ञ०' (३।४४) से णकार आदेश । आणा । (आज्ञप्तिः) ३ से पलोप । पूर्ववत् णकार । आणत्ती । जहाँ आङ् नहीं होगा, वहाँ द्वित्व हो जायगा । (विज्ञानम्) २५ से न को ण । 'ज्ञ०' से ज्ञ को ण । ६ से द्वित्व । विण्णाणं । एवम् (अभिज्ञानम्) २३ से भ को ह । अन्य कार्य पूर्ववत् । अहिण्णाणं ॥ ५५ ॥

---

१. हेमस्तु ताम्राम्रे म्ब.' । अनयो. संयुक्तस्य मयुक्तो वो भवति । अम्ब । तम्बं-इत्याह ।
२ सजीवन्यादिसंमत एव पाठः ।

न बिन्दुपरे ॥ ५६ ॥

अनुस्वारे परे द्वित्वं न भवति । संकन्तो (३-३ रेफलोपः, ४-१७ वर्गान्त०, ४-१ ह्रस्वः, ५-१ ओ)। संझा (३-२८ ध्य् = झ्, ४-१७ वर्गान्त०) । संक्रान्तः, सन्ध्या[1] ॥ ५६ ॥

समासे वा ॥ ५७ ॥

समासे शेषादेशयोर्वा द्वित्वं भवति । णइग्गामो, णइगामो (२-४२ न् = ण्, २-२ द्लोपः, ३-३ रलोपः, ४-१ ह्रस्वः, द्वित्वाभावे तु यथावदोकारः ५-१ ओ)। कुसुमप्पअरो (३-३ रलोपे, २-२ क्लोपः, ५-१ ओ)। कुसुमपअरो (पद्वित्वाभावः, शे० पू०)। देवत्थुई, देवथुई (३-१२ स्त् = थ्, ३-५१ थ् = त्, २-२ त्लोपः, ५-१८ दीर्घः) । आणालक्खंभो, आणालखंभो (४-२९ परिवृत्तौ आनाले जाते, २-४२ न् = ण, ३-१४ स्त् = ख्, ३-५१ ख् = क्, ४-१७ वर्गान्त०, ५-१ ओ) । नदीग्रामः, कुसुमप्रकरः, देवस्तुतिः, आलानस्तम्भः ॥ ५७ ॥

समासे वा—समासवशादनादितामापन्नयो शेषादेशयोर्वा द्वित्वम् । मरुत्थली, मरुथली । गुणज्जेट्ठो, गुणजेट्ठो । घरद्दार, घरदार । अत्थग्गहो, अत्थगहो । घणत्थणी, घणथणी । विरहक्खमा, विरहखमा । अगप्फसो, अगफसो । 'द्वित्व क्वापि समासे स्याद् अशेषादेशयोरपि' । सप्पिआसो, सपिआसो । बद्धप्फलो, बद्धफलो । सिहरक्खडो, सिहरखडो ॥ ५७ ॥

समास होने पर मध्यगत लोप से शेष अथवा आदेश से जायमान वर्ण को विकल्प से द्वित्व हो । (मरुस्थली) ३ से सलोप । मरुत्थली, मरुथली । सर्वत्र ६ से द्वित्व होगा । (गुणज्येष्ठ) ४ से यलोप । ष्ठ में ३ से षलोप । गुणजेट्ठो, गुणजेट्ठो । (गृहद्वारम्) ४ से वलोप । घरद्दार, घरदार । 'गृहस्य घरोऽपतौ' (४।३४) घर आदेश । (अर्थग्रह) ४ से दोनों रेफों का लोप । अत्थग्गहो, अत्थगहो । (घनस्तनी) २९ से स्त को थ । २५ से न को ण । घणत्थणी, घणथणी । (विरहक्षमा) ३४ से क्ष को ख । विरहक्खमा, विरहखमा । (अङ्गस्पर्शः) ५ से रेफलोप । २६ से श को स । 'स्पस्य' (३।३६) से फ आदेश । द्वित्वविकल्प । अगप्फसो, अगफसो । ६१ से अनुस्वारागम । कहीं पर समास में, लोप से शेष न होने पर अर्थात् विना लोप के विषय में एवम् आदेश के विना केवल स्वाभाविक अक्षर को विकल्प से द्वित्व हो । (सपिपास.) पूर्व पकार को द्वित्व । २ से दूसरे पकार का लोप । सप्पिआसो । पक्ष में—सपिआसो । एवम् (बद्धफल) बद्धप्फलो, बद्धफलो । (शिखरखण्ड.) २६ से श को स । २३ से ख को ह । विकल्प से द्वित्व । ७ से ककार । सिहरक्खंडो, सिहरखंडो ॥५७॥

·ो· नं. (५८) अदातो यथादिषु वा । (९५) उत्सौन्दर्यादिषु । (३१) ए शय्यादिषु । (६४) ध्रत्सप्सां छः । (५) सर्वत्र लवराम् (१८) पो वः । (३) उपरि लोपः कगडतदपषसाम् । (२५) नो णः सर्वत्र । (६) शेषादेशयोर्द्वित्वम-

[1] नेद सूत्र सजीवन्यादौ ।

माद्यौ । (२३) खघथधभां हः । (४) अधो मनयाम् । (२४) ष्कस्कक्षां खः । (२६) शषोः सः । (६१) वक्रादिषु ।

सेवादिषु च ॥ ५८ ॥

सेवा इत्येवमादिषु चानादौ वा द्वित्वं भवति । सेव्वा, सेवा (२–२ प्रायोग्रहणात् वलोपो न, शेषं स्पष्टम्) । एक्कं, एअं (द्वित्वाभावे २–२ क्लोपः, ५–३० बिं०) । णक्खो (२–४२ न् = ण्, द्वित्वपक्षे ३–५१ ख्=क्, ५–१ ओ) । णहो (द्वित्वाभावे २–२७ ख् = ह्, ५–१ ओ) । देव्वं, दइवं (१–३७ सू० स्प०) । असिव्वं, असिवं । तेलोक्कं (१–३५ सू० स्प०), तेलोअं (द्वित्वाभावे, ३–१ क्लोपः, शे० पू०) । णिहित्तो (२–४२ न् = ण्, द्वित्वे, ५–१ ओ) । णिहिओ (द्वित्वाभावे २–२ त्लोपः, शे० पू०) । तुण्हिक्को, (३–३३ ष्ण् = ण्ह, ह्रस्वः संयोगे, कस्य द्वित्वे, ५–१ ओ) । तुह्निओ (द्वित्वाभावे, २–२ क्लोपः, शे० पू०) । कण्णिआरो, कणिआरो (३–३ र्लोपः, २–२ क्लोपः, द्वित्वभावाभावौ च पू०, ५–१ ओ) । दिग्घं (३–३ र्लोपः, ३–५१ घ् = ग्, ह्रस्वः संयोगे इति दी = दि, ५–३० बिं०) । दीहं (द्वित्वाभावे रलोपे च असंयोगपरत्वात् ह्रस्वाभावः, २–२७ घ् = ह्, शे० स्पष्टम्) । रत्तो (३–३ रलोपः, ४–१ ह्र०) । राई (३–१ त्लोपः, ३–३ र्लोपः, ५–१८ दीर्घः) । दुक्खिओ, (खद्वित्वे, ३–५१ ख् = क्, २–२ त्लोपः, ५–१ ओ) । दुहिओ (द्वित्वाभावे २–२७ ख् = ह्, शे० पू०) । अस्सो, असो (१–२ सू० द्रष्टव्यम्) । इस्सरो (३–३ व्लोपः, २–४३ श् = स्, द्वित्वे, ह्रस्वः संयोगे ई = इ, ५–१ ओ) । ईसरो (द्वित्वाभावे ह्रस्वाभावः, शे० पू०) । विस्सासो, वीसासो । णिस्सासो, णीसासो (२–४२ न् = ण्, शे० पू०) । रस्सी, (३–२ म्लोपः, २–४३ श्=स्, स्द्वित्वे ५–१८ दीर्घः) । रसी (द्वित्वाभावः, शे० पू०) । मित्तो (३–३ र्लोपः, ५–१ ओ) । मिओ[1] (द्वित्वाभावे ३–१ त्लोपः, शे० पू०) । पुस्सो, (३–२ य्लोपः, २–४३ ष् = स्, ५–१ ओ) । पुसो (द्वित्वाभावे, शे० पू०) । सेवा, एकः, नखः, दैवम्, अशिवम्, त्रैलोक्यम्, निहितम्, तूष्णीकः, कर्णिकारः, दीर्घम्, रात्रिः, दुःखितः, अश्वः, ईश्वरः, विश्वासः, निश्वासः, रश्मिः, मित्रम्, पुष्यः । उभयत्र विभाषेयम् । सेवादीनामप्राप्ते[2] दीर्घादीनां च प्राप्ते ॥ ५८ ॥

---

१ 'तइ इन्दो निच्चिन्दो विहरदु अन्देउरम्भि सो दाव । इन्दस्स तावमित्त हवेसि महिप। मिआ तुमय' ॥ इति कुमारपालचरिते ७ सर्गे ९३ तमं पद्यम् । 'त्वया इन्द्रो निश्चिन्तो विहरतु अन्तःपुरे स तावत् । इन्द्रस्य तावन्मित्र भवसि महोस्वामिन् त्वम्' ॥—एतदनुसारेण सुहृद्वाचकमित्रशब्दो नपुंसक०, सूर्यवाचकस्तु पुंल्लिङ्गो भवितुमर्हति । २. अनादेशत्वादशेषाच्चेति शेष. ।

सेवादिषु च—एषु द्वित्वं वा स्यात्। उभमत्र विभाषेयम्। 'सेवा कौतूहल दैवं निहित नखजानुनी। इवार्थका निपाताश्च एतदाद्यास्तथापरान्'॥ एषु द्वित्वस्य अप्राप्तत्वाद् विधिमुखेन विकल्प। 'त्रैलोक्य कर्णिकारश्च वेश्या भूर्जश्च दु खित'। एवं जातीयकान् शब्दान् विदु सेवादिकान् बुधा'॥ एषु लोपशेषत्वान्नित्यप्राप्तस्य द्वित्वस्य निषेधमुखेन विकल्पः। सेव्वा, सेवा। कोउहल्ल, कोउहल। देव्व, दइवं। णिहित्त, णिहिअ। णक्खो, णहो। जण्णुअ, जाणुअ। सखव्व, सखोव। इवार्थे इव-पिव-मिव-विव-व्व-एते निपात्यते। एषु अप्राप्तौ विधानम्। तइलोक्क, तइलोअ। कण्णिआरो, कणिआरो। वेस्सा, वेसा। भुज्जा, भुआ। दुक्खिओ, दुहिओ। एषु नित्य प्राप्त द्वित्व विकल्पेन निषिध्यते॥ ५८॥

सेवादिक शब्दों में विकल्प से द्वित्व हो। इन सेवादिक शब्दों में कहीं लोप से शेष अथवा आदेश स्वरूप न होने से द्वित्व अप्राप्त था और कहीं लोपशेष अथवा आदेशजन्य होने से नित्य द्वित्व प्राप्त था उसका विधि-निषेध-मुख से विकल्प है। तात्पर्य यह कि सेवादिगणपठित कुछ शब्दों मे विकल्प से द्वित्व का विधान है और कुछ शब्दों में नित्य प्राप्त द्वित्व का विकल्प से निषेध है। जैसे—सेवा, कौतूहल, दैव, निहित, नख, जानु और इवार्थक पिव मिवादिक-इनमे द्वित्व अप्राप्त था। त्रैलोक्य, कर्णिकार, वेश्या, भूर्ज, दुःखित-इस प्रकार के शब्दों में शेपाक्षर होने से नित्य द्वित्व प्राप्त था, विकल्प से विधि निषेध होगा। जैसे—(सेवा) अप्राप्त द्वित्व का विकल्प से विधान। सेव्वा। पक्ष में-सेवा। इसी प्रकार अन्यत्र भी जानना। (कौतूहलम्) १४ से औ को ओकार। २ से तलोप। ५९ से उकार। विकल्प से द्वित्व। कोउहल्ल, कोउहलं। (दैवम्) 'दैवे वा' (१-३८) से ऐ को अइ। विकल्प से वद्वित्व। दइव्वं। १३ से ऐ को एकार। देव्व। (निहितम्) २५ से न को ण। णिहित्त। २ से तलोप। णिहिअ। (नख॰) न को ण। णक्खो। २३ से ख को हकार। णहो। (जानुकम्) ५८ से अकार। २ से कलोप। २५ से णकार। जण्णुअं, जाणुअ। (सख इव) निपात से इव को व आदेश, विकल्प से वद्वित्व। सखव्व। एवम्—संखप्पिव। संखम्मिव। सखव्विव। पूर्वोक्त सेवादिक तथा पिव आदिक में अप्राप्त द्वित्व विकल्प से हो गया। तथा (त्रैलोक्यम्) ४ से यलोप। 'दैत्यादिष्वइत्' (१+३७) इससे ऐकार को 'अइ' आदेश। ५ से रेफलोप। विकल्प से ककार को द्वित्व। यहां यकार का लोप करने से शेष ककार था, अतः नित्य द्वित्व प्राप्त था, इसने वैकल्पिक निषेध कर दिया। तइ-लोक्क। तइलोअं। २ से कलोप। (कणिकार.) २ से कलोप। ५ से रेफलोप, शेष णकार को नित्य द्वित्व प्राप्त था, विकल्प से निषेध कर दिया। कण्णिआरो। कणि-आरो। (वेश्या) ४ से यलोप। २६ से श को स। वेस्सा, वेसा। (भूर्जा) ५ से रेफलोप। ५९ से ऊकार को उकार। द्वित्व। भुज्जा। पक्ष में-२ से जलोप। भुआ। (दुःखितः) विसर्ग को सकार मानकर ३ से लोप। २ से तकारलोप। द्वित्व। दुक्खिओ। पक्ष में—२३ से ख को ह। दुहिओ। उक्त इन उदाहरणों में विकल्प से निषेध होने से द्वित्व विकल्प से होगा॥ ५८॥

नोट—नं. (२) कगचजतदपयवां प्रायो लोपः। (२६) शषोः सः। (२३) खघ-

थधभां हः। (७) वर्गेषु युजः पूर्वः। (१४) औत ओत्। (५९) उदूतो मधूकादिषु। (१३) ऐत एत्। (२५) नो णः सर्वत्र। (५८) अद्दातो यथादिषु वा।

विप्रकर्षः ॥ ५९ ॥

अधिकारोऽयम्। आपरिच्छेदसमाप्तेर्युक्तस्य विप्रकर्षो भवति ॥ ५९ ॥

विकर्ष[1]—इत ऊर्ध्वं युक्तस्य वर्णस्य विकर्ष =विश्लेषो विधेय —इत्यधिक्रियते ॥५९॥

'विकर्षः'–यह अधिकार सूत्र है अत. इसके उपरान्त परिच्छेद की समाप्ति तक जो कार्य कहेंगे उसमें वर्ण-विश्लेष अर्थात् संयुक्त वर्णों का विभाग करना होगा ॥ ५९ ॥

क्लिष्टश्लिष्टरत्नक्रियाशार्ङ्गेषु तत्स्वरवत्पूर्वस्य ॥ ६० ॥

क्लिष्टादिषु युक्तस्य विप्रकर्षो भवति विप्रकृष्टस्य च यः पूर्वो वर्णो निरर्थस्तस्य तत्स्वरता भवति। तेनैव पूर्वेण स्वरेण पूर्वो वर्णः सार्थो भवति-इत्यर्थः। किलिट्टं (ष्टकारविप्रकर्षे लकारेण सह पूर्वस्वरतया च किलिजाते, ३-१० ष्ट = ठ, ३-५० ठद्वि०, ३-५१ पूर्व०, ठ् = ट्, ५-३० बिन्दुः)। सिलिट्टं (२-४३ श् = स्, शे० पू०)। रअणं (विप्रकर्षात् रत-जाते, ३-१ तुलोपः, २-४२ न् = ण्, ५-३० बिं०)। किरिआ (२-२ यलोपः, विप्रकर्षादिकं पू०)। सारंगो (२-४३ श् = स्, ४-१७ बिं०, ५-१ ओ) ॥ ६० ॥

क्लिष्टश्लिष्टरत्नक्रियाशार्ङ्गेषु तत्स्वरवत्पूर्वस्य—एषु युक्तस्य वर्णस्य विकर्षो विधेय, तस्य युक्तस्य य स्वर तद्वत्स्वरो विकर्षे सति पूर्ववर्णस्य भवति। किलिट्ठ। सिलिट्ट। अत्र पूर्वं प्राप्तत्वात्, क्लिश्लि इत्येतयोरेव विकर्ष, न तु ष्टस्य। रअणं। किरिआ। सारंगो ॥ ६० ॥

क्लिष्ट-श्लिष्ट रत्न क्रिया-शार्ङ्ग इन शब्दों में संयुक्त अक्षरों का विभाग अर्थात् पृथक्-पृथक् उनको करना और जो स्वर उनमें है वही स्वर विभक्त पूर्व-वर्ण के साथ भी होगा। जैसे—क्लिष्ट में ककार पृथक् हुआ और ल में इकार स्वर है अतः ककार में भी इकारस्वर हुआ। २८ से ष्ट को ठकार। ६ से द्वित्व। ७ से टकार। किलिट्ठं। ष्ट में विकर्ष क्यों नहीं? क्रम-प्राप्त क्लि श्लि में ही विकर्ष होगा। प्रथम के त्याग में कोई प्रमाण नहीं। एवम् (श्लिष्टम्) विकर्ष तथा तत्स्वरता होने पर २६ से श को सकार। ष्ट को ठकारादि पूर्ववत्। सिलिट्ठ। (रत्नम्) तकार नकार का विकर्ष। २ से तकारलोप। २५ से णकार। रअणं। (क्रिया) ४ से यलोप। इकारयुक्त ककार का विकर्ष। किरिआ। (शार्ङ्ग) २६ से श को स। अकारस्वरयुक्त रेफ का विकर्ष। सारगो ॥ ६० ॥

नोट—नं. (४) अधो मनयाम्। (५) सर्वत्र लवराम्। (२) कगचजतदपयवां प्रायो लोपः। (२६) शषोः सः। (५९) उदूतो मधूकादिषु। (३) उपरि लोपः कगडतदपषसाम्। (२३) खघथधभां हः। (२८) ष्टस्य ठः। (२५) नो णः सर्वत्र।

---

१. संजीवनीस्थ. पाठः।

कृष्णे वा ॥ ६१ ॥

कृष्णशब्दे युक्तस्य वा विप्रकर्षो भवति, पूर्वस्य च तत्स्वरता। व्यवस्थितविभाषेयम्। तेन वर्णे नित्यं विप्रकर्षः, विष्णौ तु न भवत्येव। कसणो (१-२७ ऋ=अ, ष्णस्य विप्रकर्षे षण-जाते, २-४३ ष्=स्, २-४२ न्=ण्, ५-१ ओ)। कह्णो (३-३३ सू० स्प०) ॥ ६१ ॥

कृष्णे वा—कृष्णशब्दे युक्तस्य वा विप्रकर्षः स्यात्, पूर्वस्य तत्स्वरवत् स्वरवत्ता च स्यात्। कसणो। पक्षे—कण्हो। 'कृष्णशब्दे विकर्षो वा वर्णेऽर्थे न तु नामनि।' तेन वासुदेवे नाम्नि 'कण्ह' इति ॥ ६१ ॥

कृष्णशब्द में युक्त वर्ण का विकर्ष अर्थात् पृथक् विभाग होगा और उस स्वर के समान विभक्त पूर्व वर्ण में भी स्वर हो जायगा। (कृष्ण) ९ से ऋ को अकार। विभक्त अकारस्वरयुक्त होने पर कषण हुआ। २६ से ष को स। कसणो। पक्ष में—'ह्नष्णक्ष्ण०' (३+३३) से ण्ह आदेश। कण्हो। वर्ण अर्थ में कृष्णशब्द का विकर्ष होगा, वसुदेवापत्य कृष्ण नाम में नहीं। वहाँ तो 'कण्हो' यही होगा, साधुत्व पूर्ववत् ॥ ६१ ॥

इः श्रीह्रीक्रीतक्लान्तक्लेशम्लानस्वप्नस्पर्शहर्षार्हगर्हेषु ॥ ६२ ॥

एषु युक्तस्य विप्रकर्षो भवति, पूर्वस्य इकारः तत्स्वरता च भवति। सिरी (२-४३ श्=स्, विप्रकर्षत्वे, पूर्वस्य इत्वे, तत्स्वरतायां च सिरी इति जातम्)। एवं-हिरी। किरीतो[1]। किलन्तो (विप्रकर्षे पूर्वस्येत्वे, ४-१७ वर्गान्तो बिन्दुर्वा, ५-१ ओ)। किलेसो (स्पष्टम्)। मिलाणं (पूर्ववत् इत्वं, तत्स्वरता च, २-४२ न्=ण्, ५-३० बिं०)। सिविणो (१-३ सू० स्प०)। फरिसो (३-३५ स्प्=फ्, इत्वं तत्स्वरता च, २-४३ श्=स्, ५-१ ओ)। एवमुत्तरत्रापि। हरिसो। अरिहो। गरिहो (स्पष्टाः)। श्रीः, ह्रीः, क्रीतः, क्लान्तः, क्लेशः, म्लानम्, स्वप्नः, स्पर्शः, हर्षः अर्हः, गर्हः ॥ ६२ ॥

इत् श्रीह्रीक्लान्तक्लेशम्लानस्वप्नस्पर्शादर्शहर्षार्हेषु[2]—एषु युक्तस्य विकर्षः स्यात् विकृष्टस्य पूर्ववर्णस्य इकारस्वरता च स्यात्। सिरी। हिरी। किलतो। किलेसो। मिलाणो। सिविणो। अत्र 'स्व' इत्यस्य विकर्षः कथं न? तथाभूतप्रयोगादर्शनात्। वेत्यनुवर्त्य व्यवस्थितविभाषाश्रयणेन क्रमप्राप्त व्यतिक्रम्यापि 'प्न' इत्यस्य विकर्षः। वेत्यनुवर्तते। फरिसो, फंसो। दरिसण, दंसण। क्वचिन्नित्यम्-आअरिसो। हरिसो। उक्करिसो। अमरिसो। वरिसो। परिसवरो। क्वचिन्नैव-वासारत्त। वाससअ। र्हस्य क्वचिन्नित्यम्-अरिहो। गरिहा। वरिहिणो। क्वचिन्नैव-दसारो। (दशार्ह)। 'रेफस्याधो हकारस्य लोपो भवति कुत्रचित्। प्लोषे प्लुष्टे भवेत् स्नायौ श्लोके विश्लेष इत्तथा' ॥ पिलोसो। पिलुट्ठो। सिणाऊ। सिलोओ। 'वा विश्लेषो भवेद् वज्रे पूर्वस्य स्वर एव

---

१ प्रायोग्रहणान्न तल्लोपः। २ सञ्जीवन्यनुसारी पाठ एष.।

वा'। वइरं। वज्जं। 'पूर्वशब्दे विकर्षो वा पूर्वस्येत्वं च वस्य मः'। पुरिमं, पुव्वं ॥६२॥

श्री-ह्री-क्लान्त-क्लेश-म्लान स्वप्न-स्पर्श-आदर्श-हर्ष-अर्ह-इन शब्दों में युक्त वर्ण का विकर्ष हो अर्थात् युक्त वर्ण का पृथक् पृथक् विभाग हो और विभक्त पूर्व वर्ण के साथ इकार स्वर हो। (श्रीः) का श्-री विभाग हो गया और श के साथ इकार स्वर लग गया। २६ से श को स। सिरी। एवम्-(ह्रीः) हिरी। (क्लान्तः) ५८ से आकार को अकार। किलंतो। (क्लेश.) २६ से सकार। किलेसो। (म्लान.) २५ से न को ण। मिलाणो। (स्वप्न.) ५ से वलोप। 'उदीषत्' (१+३) सकार के साथ इकार। पकार नकार का विकर्ष, इकार। १८ से प को व। २५ से न को णकार। सिविणो। 'स्व' का विकर्ष क्यों नहीं? वैसा प्रयोग नहीं होता है। अथवा वा की अनुवृत्ति से व्यवस्थित कार्य होगा, अतः पूर्व का त्याग करके द्वितीय अक्षर 'प्न' में विकर्ष, इकार होगा। पूर्ववत् णकार। सिविणो। वा-पद की अनुवृत्ति करके स्पर्श आदर्श में विकल्प से विकर्ष, इकार होगा। (स्पर्श.) 'स्पस्य' (३+३६) से स्प को फ। रेफ और शकार का विकर्ष। रेफ के साथ इकार। २६ से श को सकार। फरिसो। पक्ष में-६१ से अनुस्वारागम। ५ से रेफलोप। २६ से सकार। फादेश पूर्ववत्। फंसो। एवम्-(दर्शनम्) विकर्ष पूर्ववत्। २५ से नकार को णकार। दरिसण। पक्ष में-दंसण। पूर्ववत् अनुस्वारादि। कहीं पर नित्य विकर्ष और इकार होगा। (आदर्शः) २ से दकार का लोप। रेफ और शकार का विकर्ष, इकार। २६ से श को स। आअरिसो। (हर्ष.) हरिसो। हर्ष-पद से रेफ षकार का विकर्षादि अन्यत्र भी जानना। (उत्कर्षः) ३ से तलोप। ६ से कद्वित्व। रेफ-षकार का विकर्ष। २६ से ष को स। उक्करिसो। एवम्-(अमर्ष.) अमरिसो। (वर्ष.) वरिसो। (वर्षवरः) वरिसवरो। कहीं पर 'र्ष' का विकर्ष नहीं होगा। (वर्षारात्र) 'आ समृद्धयादिषु वा' (१+२) से आकार। ५ से रेफलोप। २६ से ष को सकार। ५८ से रेफ के आकार को अकार। ६ से तद्वित्व। वासारत्तो। (वर्षशतम्) पूर्ववत्। आकार, रेफलोप, ष श को सकार। २ से तकार का लोप। वाससअ। 'र्ह' का कहीं नित्य विकर्ष और इकार, और कहीं नहीं। (अर्हः) अरिहो। (गर्हा) गरिहा। (बर्हिण.) बरिहिणो। कहीं नहीं होगा। जैसे (दशार्हः) २६ से श को स। रेफ के अधःस्थित हकार का कहीं लोप होता है—इससे हकार का लोप हो गया। दसारो। 'प्लोष-प्लुष्ट स्नायु-श्लोक और विश्लेष शब्दों में युक्त वर्ण का विभाग हो और विभक्त पूर्व वर्ण के साथ इकार हो'। (प्लोष.) २६ से ष को स। पिलोसो। (प्लुष्टः) २८ से ष्ट को ठ। ६ से द्वित्व। ७ से टकार। पिलुट्ठो। (स्नायुः) सकार का विभाग, इकार। २५ से णकार। २ से यलोप। सिणाऊ। (श्लोकः) २६ से श को स। २ से कलोप। सिलोओ। वज्र-शब्द में विकल्प से युक्त का विकर्ष और पूर्व में इकार हो। (वज्रम्) विकर्ष-इकार होने पर 'वजिरम्' हुआ। २ से जलोप। वइर। पक्ष में-रेफलोप, द्वित्व। वज्जं। पूर्व-शब्द में युक्त का विकर्ष, इकार-योग और वकार को मकार। (पूर्वम्) ५९ से ऊकार को उकार। विकर्ष, मकारयोग, व को म। पुरिमं। पक्ष में-५ से रेफलोप, २ से द्वित्व। पुव्वं ॥ ६२ ॥

नोट—नं. (९) ऋतोऽत्। (२६) शषोः सः। (५८) अदातो यथादिषु वा। (२५) नो णः सर्वत्र। (५) सर्वत्र लवराम्। (१८) पो वः। (६१) वक्रादिषु। (२) कगचजतदपयवां प्रायो लोपः। (३) उपरि लोपः कगडतदपषसाम्। (६)

शेषादेशयोर्द्वित्वमनादौ । (२८) ह्रस्व ठ. । (७) वर्गेषु युजः पूर्वः । (५९) उदूतो मधूकादिषु ।

अः क्ष्माश्लाघयोः ॥ ६३ ॥

क्ष्मा श्लाघा इत्येतयोर्युक्तस्य विप्रकर्षो भवति, पूर्वस्य अकारस्तत्स्वरता च भवति । खमा (३-२९ क्ष् = ख्, शे० स्प०) । सलाहा (२-४३ श् = स्, विप्रकर्षः पूर्वस्याऽत्वं, तत्स्वरता च, २-२७ घ्=ह्) ॥ ६३ ॥

अ क्ष्माश्लाघयो —एतयोर्युक्तस्य विकर्ष स्यात्, पूर्वस्य चाकार । खमा । सलाहा । 'वा विकर्षो विपर्यासो दीर्घेऽप्यत्व च पूर्ववत्' । दिहरो, दीहो ॥ ६३ ॥

क्ष्मा और श्लाघा शब्द में विकर्ष और पूर्व में अकार योग । (क्ष्मा) विकर्ष अकार का योग । ३४ से क्ष को ख आदेश । खमा । (श्लाघा) २६ से श को स । २३ से घ को हकार । सकार-लकार का विकर्ष, अकार का योग । सलाहा । 'दीर्घ'-शब्द में भी विकल्प से विकर्ष, अकार का योग और वर्णव्यत्यय हो । (दीर्घ) विकल्प से विकर्ष और अकार का योग होने से 'दीरघ' हुआ, वर्णव्यत्यय होने से दीघर हुआ । २३ से घ को ह आदेश । वार्तिक में चकारग्रहण से अथवा ३६ से ईकार को इकार । दिहरो । पक्ष में-५ से रेफलोप । २३ से हकार । दीहो ॥ ६३ ॥

स्नेहे वा ॥ ६४ ॥

स्नेहशब्दे युक्तस्य विप्रकर्षो वा भवति, पूर्वस्य च अकारस्तत्स्वरता च भवति । सणेहो (पूर्ववत् विप्रकर्षादिकं, २-४२ न् = ण्, ५-१ ओ) । णेहो (३-१ सू० स्प०) ॥ ६४ ॥

स्नेहे वा—अत्र युक्तस्य विकर्षो वा भवति, पूर्वस्य च इकार । सिणेहो । क्वचित्पूर्वस्य चाकार, तदा-सणेहो, णेहो ॥ ६४ ॥

स्नेह-शब्द में विकल्प से विकर्ष और पूर्व को अकार । (स्नेह) २५ से णकार । सणेहो । पक्ष में-३ से सलोप । २५ से ण । णेहो । किसी मत से इकार का पूर्व वर्ण के साथ योग होता है, तब-सिणेहो होगा । सूत्र में 'स्निह'शब्द का ग्रहण नहीं करना, किन्तु प्रधानतया धात्वर्थ लेना । अत 'स्निग्ध.' यहाँ स्निह धातु से क्त प्रत्यय के योग होने पर भी हो जायगा । (स्निग्ध) ३ से गकार का लोप । ६ से धद्वित्व । ७ से द । २५ से णकार । सिणिद्धो । पक्ष में-पूर्ववत् । णिद्धो ॥ ६४ ॥

नोट—नं (३४) ष्कस्कक्षां ख. । (२३) खघथधभां हः । (३६) इदीत पानीयादिषु । (५) सर्वत्र लवराम् । (२५) नो ण. सर्वत्र । (३) उपरि लोपः कगडतदपषसाम् । (६) शेषादेशयोर्द्वित्वमनादौ । (७) वर्गेषु युजः पूर्व ।

